# University in News on 01 June 2025

## HINDUSTAN PAGE 8

### एलयू में यूजी के अब 15 तक आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। पहले अंतिम तिथि 31 मई रखी गई थी।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए कॉमन एडमिशन टेस्ट सीयूईटी को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवेदन की तिथि को आगे बढ़ाया है। सीयूईटी में प्रवेश के लिए तीन मई से प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में छात्र इसकी तैयारी में जुटे हुए थे।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### लविवि : स्नातक में दाखिले के लिए अब 15 तक आवेदन

**विश्वविद्यालय ने 15 दिन बढ़ाई तिथि, प्रवेश विभाग ने जारी की अधिसूचना**

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी है। अभ्यर्थी अब 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। अभी तक आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई तय थी। आवेदन तिथि बढ़ाने के संबंध में प्रवेश समन्वयक ने अधिसूचना जारी कर दी है।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया लविवि में केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से सत्र 2025- 26 के एलयूआरएन पंजीकरण एवं स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन 17 अप्रैल से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लविवि एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में जिन विद्यार्थियों को किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना है, वे वेबसाइट lkouniv.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए रजिस्ट्रेशन के पेज पर दाहिने भाग में अंकित न्यू रजिस्ट्रेशन विकल्प पर क्लिक करके अभ्यर्थी अपना लॉगिन आईडी बनाएं और उसी पर प्रवेश से जुड़े सभी निर्देशों को पूरा करें।



**अधिकतम आवेदन शुल्क 1600 रुपये**

स्नातक पाठ्यक्रम में सामान्य व ओबीसी वर्ग के लिए 800 और एससी-एसटी व दिव्यांगजनों के लिए 400 रुपये आवेदन शुल्क है। यूजी प्रोफेशनल पाठ्यक्रम यानी बीबीए और बीसीए के लिए सामान्य व ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को 1000 और एससी-एसटी व दिव्यांगजनों को 500 रुपये देना होगा। वहीं, डीफॉर्मा के लिए क्रमशः 1000 व 500 रुपये और बीएलएड के लिए 1600 व 800 शुल्क देय होगा।

**फॉर्म भरते समय इन बातों का रखें ख्याल**

- फॉर्म भरने के पूर्व ब्रोशर में दिए सभी निर्देश पढ़े और उनका पालन करें।
- अभ्यर्थी की फोटो व हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी 50 केबी में हो।
- आरक्षण का लाभ लेना है तो 50 केबी में प्रमाणपत्र की स्कैन कॉपी लगाएं।
- प्रवेश फॉर्म की फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद, 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें।

**पाठ्यक्रमों की सीटें**

बीए में 1350, बीएससी बायो में 280, बीएससी मैथ्स में 470, बीकॉम ऑनर्स में 180, बीकॉम एनईपी चार वर्षीय में 450, बीकॉम सेल्फ फाइनेंस चार वर्षीय में 240, एलएलबी पांच वर्षीय में 160, बीसीए में 120, बीबीए में 300, बीबीए टूरिज्म में 60, डीफार्मा में 60, बीए बीएससी योग में 60, बीवॉक रिन्यूवल एनर्जी में 60, शास्त्री में 25, बीए ज्योतिर्विज्ञान में 30 सीटें।

## NBT PAGE 4

### LU: यूजी दाखिले के आवेदन अब 15 जून तक



NBT रिपोर्ट, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक कोर्सों में दाखिले के आवेदन अब 15 जून तक होंगे। पहले आखिरी तारीख 31 मई थी। विवि ने स्टूडेंट्स को आवेदन के लिए 15 दिन का और मौका दिया है। विवि प्रशासन ने शनिवार को इसका आदेश जारी किया।

विवि प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी https://lkounivadm.samarth.edu.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पहले अभ्यर्थियों को एलयूआरएन रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद ऐडमिशन इन यूजी प्रोग्राम के लिंक पर क्लिक कर जिस पाठ्यक्रम में दाखिला लेना चाहते हैं, उसका चुनाव कर आवेदन करना होगा। 15 जून के बाद प्रवेश परीक्षा की तारीखों का ऐलान होगा।

## i-NEXT PAGE 3



### एलयू में अब 15 तक करें आवेदन

**लखनऊ यूनिवर्सिटी यूजी कोर्सेज में अप्लीकेशन की डेट बढ़ाकर 15 जून कर दी गई है. अब एलयू में एडमिशन लेने के लिए इंटरेस्टेड कैंडिडेट्स 15 जून तक यूनिवर्सिटी की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है. ज्यादा जानकारी के लिए यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करें.**

## AMRIT VICHAR PAGE 7

### प्रवेश के लिए अब 15 जून तक आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- लविवि प्रशासन ने 15 दिन के लिए प्रक्रिया को आगे बढ़ाया
- 31 मई तक आवेदन करने की थी अंतिम तिथि

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से सत्र 2025-26 के पंजीकरण एवं स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन की प्रक्रिया 17 अप्रैल से शुरू है। जिसके लिए अंतिम तिथि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 31 मई तय की गई थी। छात्रों के आवेदन लगातार आते जा रहे हैं, जिसे देखते हुए विश्वविद्यालय ने अपने आवेदन प्रक्रिया की तिथि को 15 दिन आगे बढ़कर इसकी अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी जानकारी में बताया गया है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाले कॉमन एडमिशन टेस्ट (सीयूईटी) की प्रक्रिया को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवेदन की तिथि को आगे बढ़ाया है।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सीयूईटी में प्रवेश के लिए एंट्रेंस एग्जाम की प्रक्रिया चल रही है ऐसे में छात्र इस परीक्षा की तैयारी में जुटे हुए थे। ज्यादातर छात्रों को आवेदन फॉर्म भरने में विलंब हुआ है। इसी को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि को विस्तारित की है। उन्होंने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय व सम्बद्ध/ सहयुक्त महाविद्यालयों में जिन विद्यार्थियों को किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना है। वह अपना एलयूआरएन पंजीकरण पहले कराएंगे। जिसका पंजीकरण शुल्क पूर्व की भांति 100 रुपया है।

## TOI PAGE 2

### LU UG courses registration now till Jun 15

Times News Network

**Lucknow:** The Lucknow University has extended the date for registration to its undergraduate courses for the academic session 2025-26 until June 15. Earlier, Saturday was the last date to apply via Samarth portal.

"In the interest of candidates, the last date for admissions has been extended until June 15. Candidates who want to take admission in any course in Lucknow University and affiliated/associated colleges should get LURN registration done first by paying a nominal fee of Rs 100," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

He said after LURN registration, candidates can proceed to apply for the desired UG course.